दिन– शनिवार
दिनांक– 05 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।
अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में पुलिस महानिदेशक और अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। श्री कुमार ने आपराधिक घटनाओं की जांच में तेजी लाने और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की यह बैठक जाने माने व्यवसायी गोपाल खेमका की कल पटना में हुई हत्या की पृष्ठभूमि में हुई थी।

————————————————————

गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। आईजी जितेन्द्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं, जिस पर जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड में शामिल शूटर से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही हत्याकांड के कारणों का भी खुलासा किया जाएगा। आईजी ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ लगातार छापेमारी कर रही है।

————————————————————

मुहर्रम को लेकर प्रदेश में आज से तीन दिनों तक का अलर्ट जारी किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज दराद ने बताया कि अठारह पुलिस जिले संवेदनशील चिन्हित किये गए हैं। इन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय में आज से तीन दिनों के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को सक्रिय कर दिया गया है। श्री दराद ने बताया कि प्रदेशभर में ताजिया जुलूस को लेकर तेरह हजार सात सौ उन्नीस लाईसेंस जारी किये गए हैं।

————————————————————

तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब ने पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर तनखैया घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि सुखबीर सिंह बादल को दो बार अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। सुखबीर सिंह बादल पर सिद्धांतों, मर्यादाओं और पंज प्यारों के आदेश के उल्लंघन तथा प्रबंधक समिति के अधिकारों में दखल देने का आरोप है।

———————————————————

राजद की राष्ट्रीय परिषद की आज पटना में बैठक हो रही है। इस बैठक में लालू प्रसाद को औपचारिक तौर पर तेरहवीं बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। साथ ही बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

———————————————————

प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान बारिश की गतिविधियों में कमी आयेगी। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की ट्रफ रेखा मध्य भारत की ओर खिसक रही है। इसके चलते बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। इधर, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————

सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोराखास गांव में एक पानी भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र आठ से दस वर्ष के बीच थी। पुलिस ने बताया कि एक चिमनी के पास ईंट निर्माण के लिए गहरी मिट्टी की खुदाई की गयी थी। इस गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था। नहाने के क्रम में तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए, जिस कारण यह हादसा हुआ।

———————————————————

रेलवे ने मधुबनी जिले के जयनगर से आसनसोल के बीच सावन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन ग्यारह जुलाई से आठ अगस्त तक चलेगी।

———————————————————

बक्सर जिले की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी मामले में एक दोषी को पांच वर्ष कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, खगड़िया जिले

की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में मृतक की पत्नी सरिता देवी समेत पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

—————————————————————

एसटीएफ की टीम ने दरभंगा जिले के पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी मोहम्मद इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया है।

—————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।